## समयनुसार ही खुलता रहेगा सराफा बाजार

कानपुर, 16 जून। प्रशासन द्वारा निर्धारित दिन व समय के अनुसार ही शहर का सराफा बाजार खुलता रहेगा। दरअसल शहर में सराफा व्यवसाय को बंद रखने के सम्बंध में भ्रम फैल गया है कि बाजार 30 जून तक बंद रहेगा। लेकिन ज्यादात्तर सराफा संगठनों ने साफ कर दिया है कि वह अपने बाजारों को बंद नहीं करेंगे। प्रशासन ने जो दिन व समय तय किया है वह उसी के अनुसार दुकान खोलते रहेंगे। कानपुर के प्रमुख सराफा बाजार नयागंज, बिरहाना रोड, चौक सराफा, धोबी मोहाल, गोविंद नगर, लालबंगला, पी रोड, गुमटी नंबर -5, नवाबगंज, किदवई नगर आदि सहित कानपुर नगर के समस्त सराफा बाजार जिला अधिकारी कानपुर नगर के निर्धारित दिवस मंगलवार गुरुवार एवं शनिवार को खुलेंगे। सभी क्षेत्रीय सराफा कमेटियों ने अपनी-अपनी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि उनके बाजार जैसे खुल रहे थे वैसे ही खुलते रहेंगे। बाजार को बंद रखने की जानकारी पूरी तरह से गलत है। श्री कानपुर सराफा कमेटी, श्री सर्राफा कमेटी धोबी मुहाल, उत्तर प्रदेश सराफा एसोसिएशन, बिरहाना रोड सराफा व्यापार मण्डल सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि बाजार खुलने का समय 11 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है।

रानीघाट : गंगा में जाता सीवर का गंदा पानी।

### कहते हैं जिम्मेदार

रानी घाट में वाटर सप्लाई वाले पाइप लाइन डाल रहे है। जिसके कारण पम्पिंग स्टेशन को बंद किया गया है। बैरोघाट के लिए 1400 एमएम की पाइप लाइन डाली जा रही है। जिसके कारण नाला ओवर फ्लो है।

**हरीश कुमार कंसल, महाप्रबंधक जल निगम**

बैराज से लेकर भैरोघाट तक 1861 मीटर के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। लागत बढ़ने के कारण शासन को दुबारा एस्टीमेट भेजा गया है। इस कार्य में लगभग 8 से 10 दिन लग सकते है।

**राम चरण पल, अधीक्षण अभियंता, जल निगम (जलापूर्ति विभाग)**

# गंगा जल में 'विष' घोल रहा रानीघाट नाला

## पाइप लाइन डालने के कारण पम्पिंग स्टेशन बंद

कानपुर,16 जून। लॉकडाउन के दौरान प्रदूषण से मुक्त हुई गंगा अनलॉक वन में फिर मैली होने लगी हैं। गंगा जल को स्वच्छ रखने वाले मछलियों का शिकार तक बंद नहीं हुआ। डीएम को आदेश कागजों तक ही सिमट कर रह गए। उधर नमामि गंगे ने गंगा में रानी घाट का नाला गिराकर गंगा जल में विष घोलने के काम से बाज नहीं आया। नमामि गंगे के तहत गंगा को निर्मल करने के लिए अब तक अरबों रुपये खर्च हो चुके हैंए फिर पतित पावनी नालों के दूषित पानी से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकी है। वहीं लापरवाही का आलम यह है कि जल निगम का बिना कोई सटीक कार्य योजना न बनाने के चलते पाइप लाइन डालने के कार्य मे देरी हो रही है। गंगा में कई जगह घाटों के आस-पास छोटे नाले गिर रहे। पुराना कानपुर वार्ड में रानी घाट के किनारे बसी बस्तियों का सीवर नाले के पम्पिंग स्टेशन बनाने के बाद भी गंगा में नालों का गिरना लगातार जारी है। यह दृश्य गंगा को साफ करने के दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। वहीं बतातें चले कि पिछले साल ही 14 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर में नमामि गंगे मिशन की समीक्षा की थी। जिसके तहत सीसामऊ नाले से लेकर गंगा बैराज तक अधिकारियों ने सभी नाले और सीवर लाइन की मरम्मत करते हुए युद्ध स्तर पर चमाचम कर दिया था। लेकिन जल्दबाजी से किये गए कार्य ने बारिश होते ही अपना रंग दिखा दिया। बस्तियों में सीवर लाइन कनेक शन तो जोड़ दिया गया, लेकिन पानी कनेक शन पर किसी का ध्यान नही दिया। साथ ही सीवर लाइन में भी अब दिक्कतें सामने आ रही है। फिलहाल यहां पाइप लाइन कनेक शन को लेकर खुदाई चालू है। जिसके चलते प्रतिदिन गंगा की कोख में लाखों लीटर नालों का पानी जा रहा है। वहीं बैराज से लेकर भैरोजाट तक 1861 मीटर की पाइप लाइन डाली जा रही है। जहां पहले इसकी लागत 10.14 करोड़ थी। लेकिन अब बढ़कर 15.71 करोड़ हो गई है। जिसके चलते जल निगम ने शासन को एस्टीमेट भी भेजा है। वार्ड 13 पुराना कानपुर का अधिकांश क्षेत्र गंगा के किनारे है। यहां स्थित तिवारी घाट, मछुआनगर, सांवल दास घाट, सरजूपुरवा, रानी का बगीचा समेत कई बस्तियां शामिल है। खुदाई के कारण पम्पिंग स्टेशन के कार्य न करने से सीवर नाली में बहाया जा रहा है। बस्तियों में लगभग 30 हजार आबादी रहती है।

**बैराज से भैरोघाट तक 1861 मीटर लम्बी लाइन**



नाले से गिरता दूषित पानी।

**लागत 10.14 करोड़ से बढ़कर 15.71 करोड़ हुई**

# 63 हेक्टेयर में लगेंगे बाग, मिलेगी सब्सिडी

**योजना के लिये 66 लाख की धनराशि स्वीकृत**

कानपुर, 16 जून। बागवानी को बढ़ावा देने के लिये मुख्यमंत्री फलोद्यान योजना के तहत 63 हेक टेयर में आम, अमरूद, नींबू के बाग लगाने को मंजूरी मिल गयी है। योजना में किसानों को न सिर्फ पौधे दिये जायेंगे बल्कि उनके खातों में तीन साल तक सब्सिडी भी दी जायेगी। योजना के लिये 66 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पहले फलोद्यान योजना में जिले में 40 हेक्टेयर की बागवानी प्रस्तावित थी। अब शासन ने इसे 63 हेक टेयर में मंजूरी दी है। योजना के तहत जिले में 2 हेक टेयर में आम, 26 हेक टेयर में अमरूद, 35 हेक टेयर में नींबू की बागवानी का लक्ष्य है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, पट्टा धारक, सामान्य वर्ग के लघु सीमान्त किसान, पीएम आवास योजना के लाभान्वित किसान योजना के पात्र होंगे। किसानों को योजना के अंतर्गत निशुल्क पौधे उद्यान विभाग उपलब्ध करायेगा। इसमें किसानों को तकनीकी जानकारी के लिये ट्रेनिंग भी दी जायेगी। योजना में की जाने वाली बागवानी के लिये सिंचाई, निराई, गुड़ाई के लिये किसानों को मनरेगा में सब्सिडी दी जायेगी। इस योजना में प्रवासी मजदूरों को रोजगार भी मिल सकेगा। जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये किसान के परिवार में किसी सदस्य का मनरेगा जॉबकार्ड होना चाहिये। उन्होंने बताया कि आम की बागवानी के लिये 100 पौधे प्रति हेक टेयर के लिये 51253 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी। इसी तरह अमरुद के पौधे 277 प्रति हेक टेयर पर 91325 रुपये व नींबू पर 400 पौधे प्रति हेक टेयर पर 118385 रुपये की सब्सिडी दी जानी है।

**प्रवासी मजदूरों को मिलेगा रोजगार**

# विस चुनाव की करें तैयारी

## डिप्टी सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिया संदेश

पार्टी के पदाधिकारियों को निर्देश देते डिप्टी सीएम केशव मौर्य।

कानपुर, 16 जून। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संगठन को और अधिक मजबूत कर अपनी ताकत बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संगठन की ताकत से ही आज हम लोग सरकार में हैं। सभी कार्यकर्ता एक मोती के समान है और एक एक मोती से ही यह माला बनी है। सपा बसपा कांग्रेस सभी बेचैन है क्योंकि जो काम पिछले 60 वर्षों की सरकारें नहीं कर पाई वो काम मोदी सरकार ने केवल 6 वर्ष में ही कर दिखाए। 2022 के चुनावों में जीत के लिए अभी से कमर कस कर तैयारी शुरू करनी हैउपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं व विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। डिप्टी सीएम ने 21 जून को विश्व योग दिवस होने पर इसको शारीरिक दूरी बनाये रखते हुए और निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए विश्व योग दिवस को सफल बनाना को कहा। उन्होंने कहा 23 जून को डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस हैए इसे भी हमें सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखते हुए मनाना है। बिना मास्क य फेस कवर के घर से बाहर न निकले। बाजारों में सड़कों पर भीड़ न बढ़ाएं। अनुशासन में कमी या लापरवाही से कोरोना के खिलाफ

**मोदी के काम से विपक्षी बेचैन, रैली में सोशल डिस्टेंसिंग की भी फिक्र**

हम सबकी लड़ाई कमजोर होगी। हम जितनी जल्दी कोरोना को बढ़ने से रोक पाएंगे उतनी ही जल्दी हमारे देश की अर्थव्यवस्था ठीक होगी। नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। आने वाले दिनों में इकोनामिक एक्टिविटी बढ़ेगी। बैंकों से भी राहत देने का भरपूर प्रयास चल रहा है। किसान समृद्ध होगें तो डिमांड बढ़ेगी। डिमाण्ड बढ़ेगा तो मार्केटिंग और प्रोसेसिंग क्षेत्र मजबूत होगा और इकोनॉमी बढ़ेगी। वहीं जनप्रतिनिधियों ने कुछ समस्याएं भी रखी जिनका समुचित समाधान करने का उन्होंने आश्वासन दिया। वर्चुवल बैठक के दौरान परिवहन राज्य मंत्री;स्वतन्त्र प्रभार अशोक कटारिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शहर के भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए आगामी 21 जून को योग दिवसए 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं 27 जून को विशाल जनसंवाद रैली की तैयारियों की जिलाध्यक्ष से डॉ वीना आर्या पटेल से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि 21 व 23 जून को होने वाले कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा जाये। 27 जून को कानपुर और अवध प्रांत की होने वाली वर्चुअल विशाल जन संवाद रैली की तैयारी में कार्यकर्ता अभी से जुट जाए। लगभग 10 लाख से ज्यादा लोगों के जोड़ने का लक्ष्य देते हुए उन्होंने कहा इस रैली को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शाम 5 से 6 बजे तक संबोधित करेंगी । जिले में व सभी मंडलों में पांच .पांच स्मार्टफोन चलाने वाले परिपक्व कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया की जिम्मेदारी दें सभी कार्यकर्ता सोशल मीडिया के फेसबुक एट्विटरए इंस्टाग्राम आदि सभी साधनों का प्रयोग करके शहरी एवं ग्रामीणों को अधिक से अधिक लोगों को इस रैली से जो?ने का प्रयास करें। कॉन्फ्रेंसिंग में प्रमुख रूप से महापौर प्रमिला पांडे प्रबोध मिश्रा शिवराम सिंह ज्ञानू मिश्रा सरन तिवारी आईटी विभाग के अमित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पनकी मंदिर में अब कूटनीतिक चालें

## ट्रस्ट और महंत पद पर एक साथ 'दौड़'

कानपुर,16 जून। पनकी के पंचमुखी हनुमान मंदिर का विवाद थमने के बजाए जोर पकड़ता जा रहा है। करीब 5 वर्षों बाद महंत की गद्दी के उत्तराधिकारी का विवाद महंत कृष्णदास व बालक दास के बीच चल रहा था। इसमे एक और कड़ी श्राइन बोर्ड की जुड़ गई, जिसने 2010 से सक्रिय परमार्थ सेवा ट्रस्ट को चुनौती दे दी। इसी के बाद महंत जितेंद्र दास का विवाद कृष्णदास के साथ श्राइन बोर्ड से भी शरू हो गया। श्राइन बोर्ड में मंदिर के महंत कृष्णदास ही शामिल हैं। जिन्हें महंत जितेन्द्र दास विवादित मानते हैं। हनुमान मंदिर को श्रद्धालुओं से होने वाली आय का पैतृक संपत्ति की तरह बटवारा हो रहा है। जिसके हांथ जो लग रहा है वही लेकर भाग रहा है। महंत सुरेश दास कल तक महंत जितेन्द्र दास के साथ थे लेकिन अब महंत के विपक्षियों के साथ हैं। उनके लूट खसोट की जा रही है। यह भक्तों को भले आहत कर रहा हो, लेकिन महंतों और ट्रस्ट बनाकर मंदिर को विकास का जामा पहनाने वाले लोगों को नहीं। महंत जितेंद्र दास का साफ कहना है कि यह किसी के पिता की संपत्ति नहीं है जिसका बटवारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सार्वजनिक, धार्मिक और लोगों की आस्था से जुड़ा पवित्र हनुमान मंदिर है। उनकी लड़ाई इसे

**आगे निकलने की होड़, योजना बिखरने का डर**

हांथ भी एक कमर लैट्रिन बाथरूम लग गया है और चढ़ावे की रकम से 10 प्रतिशत का लॉलीपॉप भी दिया गया है। इस विवाद में अयोध्या के श्री राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को भी शामिल कर लिया गया है। भक्तगण पनकी मंदिर को टुकड़ों में बटवारा होता देखकर आहत हैं कि मानो यह सार्वजनिक नहीं, लावारिस जागीर है। इस पर कूटनीतिक चालों से कब्जा करने की कोशिशें हो रही हैं। भक्तों की गाढ़ी कमाई की पैतृक सम्पत्ति बनाने की कोशिश करने वालों से है। उधर महंत जितेंद्र दास व श्राइन बोर्ड के वार्ता का सच महंत नृत्य गोपाल दास की डीएम को लिखी गई चिट्ठी के रूप में सामने आया है। इस पर श्राइन बोर्ड के ट्रस्टी व मीडिया प्रभारी राम जी त्रिपाठी का कहना है कि महंत नृत्य गोपाल दास ने यदि जिलाधिकारी को पत्र लिखा है तो उसकी प्रति श्राइन बोर्ड को भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए तभी वह किसी बात का साफजवाब दे सकेंगे।

## परमार्थ सेवा ट्रस्ट बनाम श्राइन बोर्ड

### बोर्ड में केवल विवादित 'महंत' आमने-सामने परमार्थ सेवा ट्रस्ट सार्वजनिक हो

कानपुर,16 जून। महंत जितेंद्र दास ने कहा कि नवगठित श्राइन बोर्ड में शामिल ट्रस्टीयों में उन्हें जबरन घसीटा गया। शायद ट्रस्ट की वैधता व प्रासंगिक बनाने के इरादे से ऐसा किया गया। यह भी हो सकता है की विवादित ट्रस्ट में उनका नाम घोषित कर उन्हें भी विवादित करने का कुत्सित प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि श्राइन बोर्ड में विवादित महंत कृष्णदास के अतिरिक्त सभी बाहरी हैं जो किसी न किसी के रिश्तेदार हैं। अचानक मंदिर के प्रति इतनी हमदर्दी उमड़ना भी इन्हें संदेह के घेरे में लाता है। उन्होंने कहा कि जब 2010 से परमार्थ सेवा ट्रस्ट मंदिर के विकास में सक्रिय है तो श्राइन बोर्ड की आवश्यकता ही नहीं है।

कानपुर, 16 जून। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर श्राइन बोर्ड के ट्रस्टी व मीडिया प्रभारी राम जी त्रिपाठी ने कहा कि परमार्थ सेवा ट्रस्ट अभी तक सार्वजनिक नहीं है। वह नहीं जानते की सार्वजनिक स्थल के लिए बनाया गया ट्रस्ट के सदस्य व गतिविधियां छुपाकर क यों रखी गई हैं। यह ट्रस्ट महंत जितेन्द्र दास के कथित साफ नियत पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि उनके ट्रस्ट में किसी के परिवार का कोई ट्रस्टी नहीं है। जबकि परमार्थ सेवा ट्रस्ट एक बंद किताब है। उनका बोर्ड उस ओपन डायरी की तरह है जिसे कभी भी कोई पढ़ सकता है। इस बोर्ड में महंत पद पर तस्वीर साफ है। कोई विवादित नहीं है।

## मंदिर किसी की जागीर नहीं

### महंत जितेंद्र दास ने कहि खरी-खरी

कानपुर, 16 जून। पनकी के पंचमुखी हनुमान मंदिर में बटवारे से दुखी महंत जितेंद्र दास ने दो टूक कहा कि हनुमान जी सबके हैं और उनका मंदिर किसी के पिता की जागीर नहीं हो सकता है। इस तरह पैतृक संपत्ति का बटवारा किया जाता है जिस तरह नवगठित और अवैध श्राइन बोर्ड कर रहा है। मंदिर को लेकर कूटनीतिक चाले चली जा रही हैं। लोगों के बीच तोड़फोड़ की राजनीति हो रही है कि तुम यह ले लो और तुम वह ले लो। इस तरह तो जागीर के बटवारे हुआ करते हैं। अभी तक सब कुछ ठीक चल रहा था ब्रह्मलीन महंत रमाकांत दास के गोलोकवासी होते ही तमाम वह शक्तियां सक्रिय हो गई जो बरसों से मंदिर हड़पने की फिराक में थी। उन्होंने कहा कि वह इस बंदरबांट के विरोध में थे, हैं और आगे भी रहेंगे। महंत जितेंद्र दास ने कहा कि अयोध्या के पूय संत महंत नृत्य गोपाल दास के निर्णय पर सवाल उठाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिलाधिकारी डॉ. ब्रह्मदेवराम तिवारी ने भी मौखिक रूप से मंदिर में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया लेकिन निरन्तर नई-नई चालें तलाश कर चलने वाले श्राइन बोर्ड ने इसे भी नहीं माना। यह खेद जनक है।

**ऐसे तो घरेलू बटवारा होता है**

**यह भक्तों के आस्था का केंद्र**

## बालक दास डीएम को आज सौपेंगे अयोध्या की पाती

कानपुर, 16 जून। अयोध्या के श्री मणिराम दास छावनी से सोमवार को जारी पत्र जिलाधिकारी डॉ. ब्रह्मदेवराम तिवारी को पनकी मंदिर के पुजारी बालक दास द्वारा सौंपा जाएगा। यह पत्र श्री राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने अपने हांथों से जिलाधिकारी को लिखा है। खास बात यह है की श्राइन बोर्ड से महंत जितेंद्र दास के विद्रोह करने के बाद बालक दास भी भूमिगत हो गए और अज्ञात स्थान से बयानबाजी करते रहे। बुधवार को वह सीधे जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होंगे और महंत नृत्य गोपाल दास का मेल द्वारा अयोध्या से भेजे गए पत्र की मूलप्रति सौपेंगे। महंत जितेंद्र दास ने बताया कि वह मंगलवार को ही अयोध्या के लिए रवाना हो चुके हैं इसलिए उनकी जिम्मेदारी अब बालक दास निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मंगलवार को पनकी मंदिर में अधिक व्यस्तता के चलते वह जिलाधिकारी को महंत नृत्य गोपाल दास का पत्र नहीं दे पाए।

## पेशाब नियंत्रित न होने पर कई दिक्कते संभव, रहें सतर्क

डा. वी.के. मिश्रा

**कानपुर यूरोलॉजी सेंटर में वर्ल्ड इन्कान्टिनेंस डे पर 22 तक कैम्प**

कानपुर, 16 जून। महिलाओं अथवा पुरूषों में यदि पेशाब नियंत्रित नहीं हो रही हो या फिर छूट जाती हो तो कई दिक्कतें संभव है। इसलिये सतर्क रहने की जरूरत है। यह जानकारी वर्ल्ड इन्कांनिटनेंस डे पर जानकारी देते हुए कानपुर यूरोलॉजी सेंटर ब्रह्मनगर के यूरोलॉजिस्ट डा. वी.के. मिश्रा ने बताया कि महिलाओं एवं पुरूषों में अक्सर पेशाब नियंत्रित नहीं रहती है। खांसने व बोलने में पेशाब अक्सर छूट जाती है। यह समस्या मधुमेह, गुर्दारोग, प्रॉस्टेट, रीढ़ की हड्डी में चोट, स्ट्रोक एवं अन्य समस्याओं की वजह से हो सकती है। उन्होंने बताया कि महिलायें अक्सर इंन्कान्टिनेंस की समस्या पर ध्यान नहीं देती। जबकि पुरूषों में यह समस्या अधिकतर प्रॉस्टेट की वजह से होती है। इसलिये इस बीमारी को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है। उक्त समस्याओं का दवाओं एवं सर्जिकल प्रोसीजर्स के जरिये इलाज संभव है। डा. मिश्रा ने बताया कि कानपुर यूरोलॉजी सेंटर में 15 से 22 जून के बीच उक्त बीमारियों से ग्रसित रोगियों का चेकअप होगा व चयनित रोगियों की रियायती दरों पर सर्जरी की जायेगी।

### गैंगरेप के आरोपी गिरफ्तार

कानपुर,16 जून। गोविंद नगर में एक दलित किशोरी से गैंगरेप के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी गुजैनी आई ब्लॉक निवासी धीरज ठाकुर उर्फ हनी व तात्याटोपे नगर निवासी दोस्त सुधांशु विश्वकर्मा मंगलवार देर रात अपने-अपने घर जा रहे थे। दोनों को घेरकर पकड़ लिया गया।

www.advancecolleges.org
ADVANCE
INSTITUTE OF BIOTECH & PARAMEDICAL SCIENCES
ADVANCE COLLEGE OF EDUCATION
ADMISSIONS OPEN
B.PHARM
M.PHARM
D.PHARM
Approved By PCI AKTU AICTE
G.T. ROAD, NARAMAU, KANPUR
9415040326
8081050445

### मंदिर में दर्शनार्थियों की भीड़

कानपुरए 16 जून। पनकी मंदिर में हनुमान जी के दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित थे। दर्शन का क्रम भी जारी था। तभी पुलिस को मंदिर परिसर में भीड़ की सूचना मिली तो उसने पहुंच कर लोगों को परिसर से बाहर किया। इस दौरान हंगामे की स्थिति उतपन्न हो गई। कोरोना वायरस के चलते सभी धार्मिक स्थलों को 30 जून तक पूर्णतया बंद रखने का आदेश दिया गया है। मंगलवार को मंदिर में हनुमान भक्तों का दिन भर आना जाना बना रहा। भीड़ भाड़ की सूचना पर पनकी चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मंदिर प्रांगण में पहुंचे तो देखा कि मंदिर के अंदर काफी संख्या में लोग मौजूद थे। पुलिस ने लोगो को हटाना शुरू किया तो माहौल हंगामी हो गया। पुजारी सुरेश दास ने बताया कि मंगलवार होने के कारण लोगों का आना जाना बना रहा और उन्होंने आरोप लगाया कि यह सब शह पर ही चल रहा है।

### कानपुर विकास प्राधिकरण आवश्यक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-803, ब्लाक-डब्लू-1, योजना-द्वितीय, जूही कलां कानपुर नगर की लीज डीड प्राधिकरण की पूर्ववर्ती संस्था कानपुर नगर महापालिका द्वारा दिनांक 13.04.1967 को श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री राम प्रसाद गुप्ता के पक्ष में निष्पादित की गयी है। जिसका क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज व भू-प्रयोग आवासीय है। वर्तमान में प्रस्तुत मृत्युप्रमाण-पत्र के अनुसार पट्टाधारक श्री नवल किशोर गुप्ता पुत्र श्री राम प्रसाद गुप्ता की मृत्यु दिनांक 04.02.2013 व इनकी पत्नी श्रीमती राज कुमारी गुप्ता की मृत्यु दिनांक 01.01.2009 को हो चुकी है तथा कार्यालय उप जिलाधिकारी, सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं0-1891/अह0फौज0/2016 दिनांक 04.04.2016 के अनुसार इनके परिवार में निम्नलिखित सदस्य शेष है:- (1) श्रीमती मधू गुप्ता, पुत्री (विवाहित) उम्र 59 वर्ष, 2. श्रीमती सुमन गुप्ता, पुत्री (विवाहित) उम्र 50 वर्ष, 3. श्रीमती शशी गुप्ता, पुत्री (विवाहित) उम्र 48 वर्ष, 4. मयंक गुप्ता, पुत्र, उम्र 38 वर्ष। इसके अतिरिक्त स्व0 नवल किशोर गुप्ता की विवाहित पुत्री श्रीमती मंजू गुप्ता पत्नी श्री गोकुल प्रसाद की मृत्यु दिनांक 03.07.2014 को हो चुकी है तथा कार्यालय उप जिलाधिकारी, सदर कानपुर नगर द्वारा निर्गत पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र सं0-1196/अह0फौ0/2014 दिनांक 29.12.2014 के अनुसार इनके परिवार में निम्नलिखित सदस्य है:- तालिका कम सं0-2, 1. गोकुल प्रसाद, पति, उम्र 59 वर्ष, 2. हर्षित गुप्ता, पुत्र, उम्र 21 वर्ष, 3. सुबोध गुप्ता, पुत्र, उम्र 30 वर्ष। उपरोक्त के अलावा मृतको के परिवार में अन्य कोई सदस्य शेष नहीं है। उपरोक्त तालिका 01 में कमांक 01, 02, व 03 व तालिका 02 में कमांक 01, 02, व 03 पर अंकित परिवारिक सदस्यों द्वारा भूखण्ड पर अपना हक छोड़ते हुये तालिका 01 में कमांक 04 पर अंकित परिवारिक सदस्य श्री मयंक गुप्ता पुत्र स्व0 नवल किशोर गुप्ता के पक्ष में नामान्तरण किये जाने हेतु सहमति शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त के आधार श्री मयंक गुप्ता द्वारा भूखण्ड पर प्राधिकरण अभिलेखों में अपना नाम अंकित किये जाने हेतु शपथ/प्रार्थना पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है। उक्त शपथ-पत्र/पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्रों के आधार पर श्री मयंक गुप्ता का नाम प्राधिकरण अभिलेखों में अंकित किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के एक माह के अन्दर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्राधिकरण के कार्यालय विकय जोन-3 में दाखिल कर सकता है, इस अवधि के उपरान्त कोई भी आपत्ति/क्लेम मान्य न होगा तथा प्राधिकरण अभिलेखों मे श्री मयंक गुप्ता पुत्र स्व0 नवल किशोर गुप्ता का नाम बतौर पट्टाधारक अंकित किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी। **भैरपाल सिंह, विशेष कार्याधिकारी (जोन-3)**